कार्यालय जनपद न्यायाधीश, ललितपुर।

आदेश

प्रशासनिक आदेश संख्या- 01 /2025 दिनांक- 02 -01-2025

माननीय उच्च न्यायालय,इलाहाबाद द्वारा अधीनस्थ न्यायालयों में उपयोग हेतु वर्ष 2025 का कलैण्डर उपलब्ध कराया गया है, जिसमें टिप्पणी क्रमांक 03 में अधोहस्ताक्षरी को 05 स्थानीय अवकाश जिला मजिस्ट्रेट, से परामर्श करके, टिप्पणी क्रमांक 07 में यदि कोई राष्ट्रीय अथवा अन्य अवकाश द्वितीय शनिवार अथवा रविवार को पड़ता है तो उसके स्थान पर अतिरिक्त दिवसों का अवकाश, टिप्पणी क्रमांक -08 के अनुसार कार्य दिवस एक वर्ष में 265 दिन से कम नही रहेगा।

अतः माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा निर्गत निर्देशों के अन्तर्गत जिला मजिस्ट्रेट, ललितपुर से परामर्श कर अवकाशों की समानता को दृष्टिगत रखते हुये निम्नलिखित स्थानीय त्योहारों में उनके सम्मुख अंकित तिथियों को मुख्यालय ललितपुर, तहसील महरौनी एवं तहसील तालबेहट में अधोहस्ताक्षरी के अधीन समस्त न्यायालयों एवं कार्यालयों में निम्नानुसार स्थानीय अवकाश घोषित किये जाते हैः-

क्र०सं०	स्थानीय त्यौहार का नाम	घोषित स्थानीय अवकाश का दिनांक
01.	मकर संक्रान्ति एवं मो0 हजरत अली का जन्म दिवस	14-01-2025 (मंगलवार)
02.	होली अवकाश	15-03-2025 (शनिवार)
03.	डोल ग्यारस/ जल विहार	03-09-2025 (बुधवार)
04.	दीपावली भाई दोज	23-10-2025 (बृहस्पतिवार)
05.	कार्तिक पूर्णमा/ गुरू नानक जयंती	05-11-2025 (बुधवार)

राष्ट्रीय अथवा रविवार व द्वितीय शनिवार को पड़ने वाले अन्य अवकाश के बदले में निम्नलिखित अतिरिक्त दिवसों के अवकाश घोषित किये जाते हैः-

क्र०सं०	रविवार व द्वितीय शनिवार को पडने वाले राष्ट्रीय अथवा अन्य अवकाश के नाम	घोषित अवकाश का दिनांक
01.	गणतंत्र दिवस 26-01-2025	महावीर जयंती 10-04-2025 (बृहस्पतिवार)

सर्व सम्बन्धित सूचित हो।

Sd/-
(आलोक कुमार पाराशर)
जनपद न्यायाधीश,
ललितपुर।

कार्यालय जनपद न्यायाधीश, ललितपुर।

आदेश

प्रशासनिक आदेश संख्या- /2025 दिनांक- -01-2025

माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा अधीनस्थ न्यायालयों में उपयोग हेतु वर्ष 2025 के कलैण्डर मे दिये गये दिशा-निर्देशानुसार अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्रशासनिक आदेश संख्या-01/2025, दिनांकित-02.01.2025 पारित किया गया था, जिसमें दिनांक 14.01.2025 (मंगलवार) को मंकर संक्रान्ति एवं मो० हजरत अली का जन्म दिवस के उपलक्ष्य में स्थानीय अवकाश घोषित किया गया था।

माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद से प्राप्त पत्र संख्या-590/Admin.(E-D) Section/XC-4/Dated:-Allahabad:13.01.2025 के अनुसार दिनांक 14.01.2025 (मंगलवार) का सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है एवं जिला बार एसोसियेशन, ललितपुर द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र दिनांकित 16.01.2025 के द्वारा पूर्व में घोषित दिनांक 14.01.2025 मकर संक्रान्ति एवं मो० हजरत अली का जन्म दिवस के स्थानीय अवकाश के स्थान पर दिनांक 03.02.2025 दिन सोमवार बसंत पंचमी का स्थानीय अवकाश घोषित किये जाने का अनुरोध किया गया है।

अतः माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा निर्गत निर्देशों के अन्तर्गत दिनांक 14.01.2025 (मंगलवार) को मंकर संक्रान्ति एवं मो० हजरत अली का जन्म दिवस के उपलक्ष्य में किये गये स्थानीय अवकाश के स्थान पर दिनांक-03.02.2025 (सोमवार) को बसंत पंचमी के उपलक्ष्य में मुख्यालय ललितपुर, तहसील महरौनी एवं तहसील तालबेहट में अधोहस्ताक्षरी के अधीन समस्त न्यायालयों एवं कार्यालयों में स्थानीय अवकाश घोषित किया जाता है।

सर्व सम्बन्धित सूचित हो।

Sd/-

(आलोक कुमार पाराशर)
जनपद न्यायाधीश,
ललितपुर।